File No.W.11036/07/2018-Grants

<u>सूचना</u>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (राष्ट्रीय आरोग्य निधि) वित्त वर्ष 2017-18 के लिए

(आर ए एन योजना में) स्वास्थ्य मंत्री कैंसर रोगी निधि एवं स्वास्थ्य मंत्री कैंसर रोगी निधि – सी एस आर सहित राष्ट्रीय आरोग्य निधि के वार्षिक खातों को तैयार करने तथा आयकर विवरणी भरने और आयकर के विभिन्न प्राधिकारियों के साथ संपर्क कार्य आदि संबंधी कार्यों के लिए प्रतिष्ठित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स से निविदा आमंत्रित करता है.

राष्ट्रीय आरोग्य निधि, सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत बतौर सोसाइटी पंजीकृत है. वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान कुल 152.16 करोड़ (लगभग) की राशि , जिसमे 100 करोड़ का कार्पस भी शामिल है, अन्तर्निहित थी, जिसमे 25 अस्पतालों/संस्थानों तथा 864 रोगियों (लगभग) को सीधे जारी की गयी धनराशि शामिल है.

चार्टर्ड अकाउंटेंट/कंपनी को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के साथ पंजीकृत होना चाहिए तथा उन्हें सरकारी विभागों/संगठनों के लेखा परीक्षा कार्य का अनुभव होना चाहिए.

इच्छुक चार्टर्ड अकाउंटेंट/कंपनी उपर्युक्त कार्य के लिए व्यावसायिक शुल्क/दर हेतु अपनी निविदा बंद लिफाफे में 06.07.2018 तक जमा कराये . निविदा श्री आर. जे. मीणा, अवर सचिव (अनुदान), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, कमरा नं 514, 'ए' विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली को संबोधित किया जाए (Tel # 011-23061986).

Signature Not Verified

Digitally signed by SOMA SANYAL
Date: 2018.06.19 09:53:43 IST
Reason: Approved

(सोमा सान्याल)

अवर सचिव, भारत सरकार